प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस दौरान प्रदेश के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में युवा मोर्चा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी पोलिंग बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद हर पोलिंग बूथ पर 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

....

कुलदीप पठानिया

चंबा जिले के ककीरा में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कल संपन्न हो गई। समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने ककीरा विद्यालय के साईंस ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। खेलकूद प्रतियोगिता में चंबा जिले के 7 खंडो के करीब 4 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

....

त्यौहार

आज देश सहित प्रदेश भर में मिलाद उन नबी का त्यौहार मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर देश के सभी नागरिकों विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को मिलाद–उन–नबी के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में लोगों से पवित्र कुरान की शिक्षाओं को अपनाने और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया।

....

आधार अपडेट

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निशुल्क आधार अपडेट की समय सीमा अवधि आगामी 14 दिसंबर तक बढ़ा दी है। आधार कार्ड धारक इस 90 दिन की समय अवधि में बिना शुल्क के अपना आधार अपडेट कर सकते हैं। यह सेवा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

....

पंजीकरण

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने हाल ही में लॉन्च अपने पोर्टल पर मेडिकल प्रैक्टिस के पात्र सभी चिकित्सकों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे अब देश में हर डॉक्टर की एक यूनिक आईडी होगी जिससे पता चल सकेगा कि देश में कितने चिकित्सक पंजीकृत हैं और उनके पास कौन कौन से डिग्रियां हैं।

....

टूरिज्म एंड ट्रेवल मीट

कोरोना काल के बाद से ही प्रदेश में लगातार घट रही पर्यटकों की संख्या को लेकर चिंतित पर्यटन व्यवसायियों ने कल शिमला के न्यू कुफरी में एक टूरिज्म एंड ट्रेवल मीट का आयोजन किया गया। प्रदेश में टूरिज्म को बढावा देने और पर्यटन व्यवसाय की चुनौतियों व भावी योजनाओं पर करीब 50 पर्यटन व्यवसायियों ने इस मीट में अपने पक्ष रखे। इस मीट में प्रदेश के पर्यटन से जुड़े टूर एंड ट्रैवल, होटल और साहसिक गतिविधिओं के व्यवसायियों ने पर्यटन और इसके विस्तार को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। आयोजक प्रतीक ठाकुर ने बताया कि शिमला में पर्यटन को दोबारा पटरी पर लाने के लिए पर्यटन से जुड़े सभी व्यवसायियों को मिलकर इस तरह की कई पहल करने की जरूरत है और इसी उद्देश्य से पर्यटन से जुड़े सभी व्यवसायियों की एक मीट का आयोजन किया गया।

....

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ़ बना हुआ है। राजधानी शिमला में भी आज दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई है। हालाँकि पिछले दिनों हुई बारिश और ऊंची चोटियों पर हुए ताज़ा हिमपात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल मौसम साफ़ बना रहेगा जबकि 18 सितंबर को प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश में 2 महीने के बाद आज से पर्यटन की साहसिक गतिविधियां एक बार फिर शुरू हो जाएगी। बरसात के मौसम में पर्यटन से जुड़ी साहसिक गतिविधियों पर दो महीने की रोक लगाई

गई थी जो अब फिर से शुरू होगी। साहसिक गतिविधियां शुरू होने से प्रदेश में एक बार फिर पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

....

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–मंडी में मुस्लिम समुदाय ने मस्जिद के अवैध निर्माण पर खुद चलाया हथौड़ा–लोकनिर्माण विभाग की जमीन पर पाया गया था कब्जा। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–कुल्लू को मिलीं चार और पैराग्लाइडिंग साइट–सुक्खू सरकार ने गड़सा, दियार और जिभी के लिए अधिसूचित की सौगात। पंजाब केसरी ने गैर हिमाचली द्वारा जमीन खरीदने के मामले पर लिखा है–पटवारी को जारी होगा कारण बताओ नोटिस, फर्जी कृषक प्रमाण पत्र रद्द कर म्यूटेशन पर रोक।

दैनिक जागरण ने खबर दी है–हमीरपुर में मिला मंकीपाक्स का संदिग्ध मरीज–अमेरिका और कनाडा से आए सुजानपुर के व्यक्ति में पाए गए लक्षण।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है–आबकारी एवं कराधान विभाग का हुआ पूर्नगठन, जीएसटी और आबकारी विंग बनाए। वहीं हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए बनाए गए अलग विंग।

दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–प्रदेश सरकार ने किया आबकारी एवं कराधान विभाग का पुर्नगठन। आपका फैसला के शब्द हैं–पड़ोसी राज्यों जम्मू–कश्मीर, पंजाब और उतराखंड ने भी किया है पुर्नगठन।

दिव्य हिमाचल की एक अन्य खबर है–पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत देश में बनेंगे दो करोड़ घर।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–दो दिन राहत, 18 सितंबर से फिर बारिश के आसार।

....